## सार-समाचार

### खींवसर ने अस्पतालों का निरीक्षण किया

**जोधपुर,** (कासं)। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को मथुरादास माथुर और महात्मा गांधी अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने हॉस्पिटल में चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने हॉस्पिटल में एडमिट मरीजों, ओपीडी में आने वाले मरीजों के इलाज आदि को लेकर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं और चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर बैठक भी ली। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर गुरुवार को अचानक मथुरादास माथुर अस्पताल के निरीक्षण के लिए पहुंचे। अचानक मंत्री के पहुंचने पर अस्पताल प्रशासन में हडक़ंप मच गया। चिकित्सा मंत्री के साथ स्वास्थ्य सचिव गायत्री राठौड़ भी थी। चिकित्सा मंत्री ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा किया। मंत्री खींवसर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से इलाज से जुड़ा फीडबैक लिया। अस्पतालों में साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, जांचों की स्थिति, स्टाफ, संसाधनों सहित प्रत्येक बिंदु की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार प्रत्येक मरीज को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अतिरिक्त संवेदनशीलता रखते हुए कार्य करें। साथ ही विभाग की और से हॉस्पिटल में चिकित्सा व्यवस्थाओं की बेहतरी को लेकर एक बैठक की गई। इसमें मरीजों के इलाज, सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक कैसे पहुंचे आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य और अधीक्षक को सभी यूनिट्स के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य सचिव गायत्री राठौड़, डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. बीएस जोधा, अस्पताल अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित भी मौजूद रहे।

### रास्ते में तबियत बिगड़ी, ड्राइवर की मौत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में एक 33 साल के ट्रेलर ड्राइवर की बीच रास्ते हाइवे पर तबीयत बिगड़ गई। ट्रेलर हाइवे पर उसने खड़ा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे हॉस्पिटल ले गई। जहां देर रात उसकी मौत हो गई। टीपी नगर थाने के ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के 72 फीट बालाजी मंदिर के निकट हाइवे पर ओवरब्रिज पर ट्रेलर सड़क पर खड़ा करने की सूचना पर बुधवार रात करीब नौ बजे पर मौके पर पहुंचे। जहां ट्रेलर में उसका ड्राइवर अचेत हालत में मिला। उसे तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल ले गए जहां देर रात करीब 12 बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद युवक की मौत के कारणों का पता चलेगा। मृतक ड्राइवर की पहचान 34 साल के इलियास पुत्र टूट्टी खान निवासी मौती बास, पीपरोली अलवर रामगढ़ निवास के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक इलियास मोरबी गुजरात से टाइल्स भरकर आसाम जा रहा था। इस दौरान पाली में 72 फीट बालाजी मंदिर के निकट हाइवे पर उसकी तबीयत बिगड़ गई। ऐसे में उसे हाइवे पर ही ट्रेलर खड़ा कर दिया। जिससे की हॉस्पिटल ले जाने के लिए उसे मदद मिल सके। परिजनों ने बताया कि मृतक इलियास अलवर में किराए के मकान में अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहता था। उसकी शादी करीब 15 साल पहले हुई थी। मृतक के 13 साल की बेटी, 6 और 9 साल के दो बेटे है। उसकी अकाल मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पाली में अवैध शराब सहित दो पकड़े

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में आबकारी विभाग की ओर से गुरुवार को कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। दोनों ढाबे की आड़ में अवैध रूप से मजदूरों को शराब बेचने का काम कर रहे थे। दबिश देकर पुलिस ने इनके ढाबे से करीब डेढ़ लाख रुपए के देशी- अंठोजी शराब जब्त कर दोनों को गिरफ्तार किया। जिला आबकारी अधिकारी मनोज बिस्सा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गुरुवार दोपहर को नया रोडवेज बस स्टैंड के पीछे एक ढाबे पर दबिश दी। जहां से गुप्त बॉक्स में छुपा रखी अंठोजी-देशी शराब, बीयर की बोतले बरामद की। मामले में केशव नगर निवासी 35 वर्षीय गोराराम पुत्र शिवलाल को गिरफ्तार किया। इसी तरह मंडिया रोड क्षेत्र में भी एक ढाबे पर दबिश दी। जहां भी देशी-अंठोजी शराब मिली। अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में मंडिया रोड निवासी 37 वर्षीय रावताराम पुत्र शिवलाल को गिरफ्तार किया। दोनों जगह से जब्त की गई देशी-अंठोजी शराब, बीयर की बाजार कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए आंकी गई। कार्रवाई के दौरान पाली शहर के सहायक आबकारी अधिकारी विकास बिढ्ढ, आबकारी थानाप्रभारी रिडमलसिंह राठौड़, सिपाई मनोज ढाका, प्रेमाराम जाखड़, प्रकशित गुजराल आदि शामिल रहे।

### अफीम का दूध बरामद, दो गिरफ्तार

**जालोर,** (नि.सं.)। महानिरीक्षक पुलिसविकासकुमार जोधपुर, रेंज जोधपुर के निर्देशानुसार रेंज में अवैध गतिविधियों/मादक पदार्थ/शराब तस्करी/अवैध बजरी खनन माफियाओं/वांछित अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत श्री ज्ञानचंद यादव, जिला पुलिस अधीक्षक, जालोर के निर्देशन में जिले में अवैध मादक तस्करी की रोकथाम के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जालोर एवं गौतम जैन वृताधिकारी, जालोर के निकटतम सुपरविजन में श्री अरविन्द कुमार नि.पु. थानाधिकारी कोतवाली जालोर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा दौराने गश्त एवं चैंकिग संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर कॉलेज चैराहा पर 02 व्यक्तियों . मदनलाल पुर्बिया पुत्र रतनलाल पुर्बिया उम्र 24 साल निवासी बावलास पुलिस थाना राश्मी जिला चितौडगढ़ व . अनिल पुर्बिया पुत्र जसराज पुर्बिया उम्र 22 साल निवासी बावलास पुलिस थाना राश्मी जिला चितौडगढ़ को दस्तयाब कर उनके कब्जे से 496 ठाम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध बरामद किया गया। एनडीपीएस एक्ट में पुलिस थाना कोतवाली में दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### विधायकों ने नगर निगम में की जनसुनवाई

**जोधपुर,** (कासं)। शहरवासियों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने के लिए सूरसागर और शहर विधायकों की तरफ से शुरू की गई पहल के चौथे दिन नगर निगम उत्तर व दक्षिण की संयुक्त जनसुनवाई की गई। इसमें अधिकांश फरियादियों ने पट्टों को लेकर शिकायत की। जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली व सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में दोनों निगम उत्तर व दक्षिण की संयुक्त जनसुनवाई की। विधायक देवेंद्र जोशी व अतुल भंसाली आज नगर निगम उत्तर की बजट बैठक में भी मौजूद रहे। बैठक के बाद उन्होंने जनसुनवाई की। फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। विधायकों ने समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को हाथों-हाथ निस्तारण के निर्देश दिए। विधायक भंसाली व जोशी ने बताया कि जो समाधान स्थानीय स्तर पर हो रहे है, उसके लिए मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे है। शनिवार को दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक पीडब्ल्यूडी ऑफिस में सुनवाई की जाएगी।

### सरस पार्लर संचालक से मारपीट

**जोधपुर,** (कासं)। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड नहर रोड पर आए एक सरस पार्लर पर आकर कुछ युवकों ने संचालक से मारपीट कर चोटें पहुंचाई। इस पर संचालक ने कुछ नामजद युवकों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि सेक्टर 19 निवासी पूनाराम पुत्र लुंबाराम मेघवाल ने बताया कि वह नहर रोड पर कृष्णा सरस पार्लर का संचालन करता है। यहां पर नजदीक के रहने वाले लक्ष्मणलाल, गणपत, मनीष एवं रोशनलाल आदि ने पार्लर पर आकर उससे मारपीट की और सामान को तोडफ़ोड़ दिया। पुलिस के अनुसार आपसी बोलचाल होने के बाद मारपीट की गई। आरोपी हाथ नहीं लगे है।

### मुख्य सचेतक ने शोक जताया

**जालोर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने डांगरा ग्राम में ओटाराम पुत्र पकाराम चौधरी एवं माण्डवला ग्राम में हडमानाराम पुत्र नैनाराम चौधरी व टीकमाराम पुत्र गोकुलजी गर्ग की असामयिक मृत्यु होने पर गुरूवार को उनके घर जाकर शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर जिला प्रमुख राजेश कुमार, उत्तम गर्ग, पुखराज राजपुरोहित, गणपतसिंह बगेड़िया, नाथूसिंह तीखी, दलीचंद खत्री, डांगरा सरपंच सोपाराम चौधरी, माण्डवला सरपंच सोहनलाल गर्ग, सवाराम चौधरी, नेमाराम चौधरी, गणेशाराम चौधरी, पकाराम चौधरी, कानाराम, नैनाराम आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने मेहरानगढ़ को निहारा

**जोधपुर,** (कासं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर के कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने गुरुवार कोशैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत मेहरानगढ़ दुर्ग और जसवंत थड़ा का भ्रमण किया। अशोक मीना, चंदन सिंह, मदन लाल सैनी, दीप्ति जीनगर, सुधीर, तनुश्री के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने इन ऐतिहासिक स्थलों के महत्त्व को जाना।

# निगम उत्तर का बजट पारित, भाजपा पार्षद काली पट्टी बांधकर बैठे

**जोधपुर,** (कासं)। दो दिन पहले स्थगित हुए नगर निगम उत्तर का बजट गुरुवार को पारित किया गया। बैठक में महापौर कुंती परिहार ने 738.44 करोड़ रुपए का बजट पारित किया। इस दौरान भाजपा के पार्षद काली पट्टी बांध कर बैठक में शामिल हुए। दोनों पक्षों में कई मुद्दों पर हंगामा भी हुआ। शहर विधायक अतुल भंसाली ने आज भी बजट को ख्याली आंकड़ों का पुलाव होने की बात कही। बजट में किए गए प्रावधान पर अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई।

नगर निगम उत्तर की महापौर कुंती परिहार देवड़ा ने मंगलवार को पेश बजट को ही यथावत रखते हुए गुरुवार को बैठक में पढ़ा और इसे बहुमत से पारित कराया। हालांकि, बजट बैठक की शुरुआत ही सत्ता और विपक्षी पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक के साथ हुई और बार-बार हंगामा भी होता रहा। बजट बैठक शुरू होते ही भारतीय जनता पार्टी के पार्षद काली पट्टी बांधकर पहुंचे और उन्होंने दो दिन पहले बैठक स्थगित करने को लोकतंत्र की हत्या बताया। पहले सभी धरना देकर बैठ गए, लेकिन बाद में वापस अपनी सीटों पर चले गए। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। बजट बैठक की समाप्ति के बाद जब महापौर वहां से निकलने लगीं तो महापौर का रास्ता रोककर भी उन्होंने विरोध जताया। कांग्रेस के पार्षदों ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक द्वेषता के चलते नगर निगम उत्तर के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। विधायक की ओर से पट्टों का वितरण नहीं करने की बात पर कांग्रेस के पार्षदों ने हंगामा किया। महापौर कुंती परिहार ने कहा कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद यह काम बंद हुआ है। इस पर विधायक देवेंद्र जोशी ने कहा कि हम चाहते है फर्जी पट्टे नहीं बांटने चाहिए। पट्टा वितरण शुरू हो, इसके लिए मैं सरकार से बात करूंगा।

### विपक्ष का काम तो खुद कांग्रेस के पार्षद कर रहे : जोशी

बजट बैठक में सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी ने कहा कि इस बोर्ड में विपक्ष का काम तो खुद कांग्रेस के पार्षद निभा रहे हैं। बजट कॉपी वितरण के बाद आपने बैठक स्थगित कर दी।

इसके बाद कांग्रेस के पार्षदों ने जोशी को घेर कर हंगामा किया। कांग्रेस के पार्षदों ने आरोप लगाया कि वो विधायक हैं, उनको सरकार से पार्षद कोटे को 50 लाख करवाना चाहिए। निगम दोनों ही शहर के हैं तो घोषणा करनी चाहिए।

बाद में विधायक अतुल भंसाली ने बीच बचाव किया, लेकिन आधे घंटे तक हंगामा चलता रहा। विधायक जोशी ने कहा कि उनके दरवाजे विकास के लिए खुले हैं।

### कंपनी के इशारे पर कर रहा निगम काम : विधायक जोशी

विधायक देवेंद्र जोशी ने कहा कि बजट में आम जनता और गरीब की बात क्यों नहीं होनी चाहिए, लेकिन इस बजट में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। उन्होंने शहर में गैस पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सडक़ों को तोडऩे और बाद में इन्हें दुरुस्त नहीं कर खड्डों को खुला छोडऩे को लेकर एजीएडंपी कंपनी पर निशाना साधा।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले बुधवार को भी विधायक भंसाली और विधायक जोशी ने इसी कंपनी पर निशाना साधते हुए कहा था कि निगम उत्तर हो या दक्षिण, पूरे शहर की सडक़ों को बर्बाद कर दिया गया है, लेकिन कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं करने से जाहिर होता है कि दोनों ही जोधपुर के नगर निगम इस एक ठेका कंपनी के इशारे पर नाच रहे हैं।

### महापौर का पलटवार, निगम को साइड लाइन किया गया :

बजट के बाद मीडिया से बात करते हुए महापौर कुंती देवड़ा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद नगर निगम उत्तर को साइड लाइन कर दिया गया है। अधिकारियों ने अघोषित रूप से पट्टा वितरण पर रोक लगा दी, जबकि उससे पहले हम 11 हजार पट्टे बांट चुके थे। एक साल से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब तो नगर निगम उत्तर के लिए कोई अधिकारी नहीं है, दक्षिण के अधिकारियों के भरोसे काम चल रहा है।

उन्होंने बताया कि जिस मुद्दे पर बजट बैठक स्थगित हुई थी, उस पर आयुक्त ने वार्डों में 25-25 लाख के काम करने की निविदा जारी कर दी है।

### नगर निगम का अंतिम बजट

जोधपुर नगर निगम उत्तर का यह अंतिम बजट है।

इसके बाद नगर निगम का अस्तित्व खत्म हो जाएगा, क्योंकि राज्य सरकार ने अगले चुनाव के लिए जोधपुर में एक ही निगम करने की घोषणा कर दी है। इसके तहत 100 वार्ड निर्धारित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि गहलोत सरकार ने 2020 के चुनाव में जोधपुर नगर निगम को दो हिस्सों में बांट कर नगर निगम उत्तर दक्षिण कर दिया था।

### मुंसिफ कोर्ट के लिए वित्तीय स्वीकृति मांगी

**सायला,** (निसं)। सायला उपखण्ड मुख्यालय सायला पर मुंसिफ कोर्ट के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने की मांग को लेकर गुरुवार को अधिवक्ताओं द्वारा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2023 के बजट में उपखण्ड मुख्यालय सायला पर मुंसिफ कोर्ट (सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय) खोले जाने की घोषणा की गई थी। जिस पर जिला मुख्यालय के न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सायला में जमीन का मौका मुआयना भी किया गया था। लेकिन अभी तक वित्तीय स्वीकृति जारी नही होने से उक्त न्यायालय चालु नहीं हो पाया है। ऐसे में क्षेत्र के दुरदराज के लोगों को उक्त कोर्ट से संबंधित कार्य के लिए आज भी जिला मुख्यालय तक आना-जाना पडता है। जिससे सायला क्षेत्र के आमजन को समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी हो रहा है तथा सुगम न्याय भी नहीं मिल रहा है। जबकि सरकार की मंशा सभी को सुगम न्याय प्रदान करने की रही है।

एडवोकेट भीष्मनारायण राजपुरोहित, इन्द्रसिंह दहिया, समुंदरसिंह निम्बलाना, शेखर चारण, वि मसिंह राव, चतराराम दासपां, नपाराम मेघवाल आदि मौजूद थे।

### जनसुनवाई में 4 प्रकरणों का निस्तारण किया

**पाली,** (नि.सं.)। राज्य सरकार की त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत आज गुरूवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को जिले में सभी जगह आयोजित हुयी। इसके तहत आज जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने जिले के रोहट ब्लॉक में जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं व प्रकरणों को सुना और 4 प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण कर आमजन को राहत दी।

जिला कलक्टर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन की समस्याओं का जल्द समाधान करें और उन्हें राहत प्रदान करें। इस अवसर पर उन्होंने जनसुनवाई में पानी, बिजली आदि से जुड़े 7 प्रकरणों को सुना और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिला कलक्टर मंत्री ने वहां ब्लॉक लेवल के अधिकारियों से विभागीय कार्या योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और आमजन से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ उठाने के लिये कहा। जनसुनवाई में उपखंड अधिकारी रोहट पूरण कुमार, विकास अधिकारी मनमोहन मीणा व अन्य ब्लॉक लेवल अधिकारी और कार्मिक व आमजन मौजूद रहे।

जिला कलक्टर मंत्री ने आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बान्डाई का औचक निरीक्षण किया और स्कूल की व्यवस्थाओं का जायाजा लिया और वहां उपलब्ध संसाधनों, रजिस्टर, स्टॉफ, सुझाव व समस्याओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर वे विद्यार्थियों से रूबरू हुये और उनसे अध्ययन की जानकारी लेकर उनसे पढाई के बारे में रोचक प्रश्न पूछे और जीवन प्रेरक बातों के बारे में बताया और जीवन में मेहनत कर आगे बढ़ने के लिये कहां साथ शिक्षा का स्तर जानने का प्रयास किया और वहां मिड डे मील की गुणवत्ता का चख कर परीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये।

खारडा पीएचसी का औचक निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां दवाइयों, उपचार, रोगियों के बारे में, विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और पंजिका का निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिला कलक्टर ने इस अवसर पर रोगियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और उपस्थित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिये।

साथ ही वहां बिना प्रार्थना पत्र के अवकाश पर मिले दो कर्मचारी को नोटिस देने के निर्देश दिये। इस अवसर पर संबंधित कार्मिक मौजूद रहे।

### विधिक सचिव भाटी ने वृद्धाश्रम का जायजा लिया

**पाली,** (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) विक्रम सिंह भाटी द्वारा सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम पाली की विजिट कर वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

सचिव भाटी द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से पृथक-पृथक रूप से वार्तालाप कर भोजन-पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई।

विजिट के दौरान रसोई की सफाई, कमरों की सफाई, स्नानघर एवं शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था उत्तम पाई गई। प्रमोद जैथलिया अध्यक्ष वृद्धाश्रम सेवा समिति पाली ने वृद्धाश्रम के भवन एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में सचिव को विस्तार से जानकारी दी गई। वृद्धाश्रम में वर्तमान में 76 वरिष्ठ नागरिक आवासित है, जिनके रहने के लिए पृथक-पृथक कक्ष, बेड, पुस्तकालय इत्यादि की व्यवस्था है। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम में फिजियोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध है, जहां मरीजों की विषय-विशेषज्ञों द्वारा जांच की जाती है। इसके अतिरिक्त आयुर्वेदिक उपचार भी उपलब्ध करवाया जाता हैं तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करवायी जाती है। वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को संतुलित पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जाता है। सचिव भाटी द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा एवं रालसा द्वारा जारी वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। इस दौरान वृद्धाश्रम के अध्यक्ष प्रमोद जैथलिया, रमेश बाबानी आदि उपस्थित रहे।

### बोलेरो चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। प्रतापनगर स्थित निजी अस्पताल के बाहर से एक बोलेरो कैंपर चोरी हो गई। शेरगढ़ के देवराजगढ़ निवासी अंबाराम पुत्र लखाराम प्रजापत अपने परिचित से मिलने डउकिया अस्पताल आया था। जहां बाहर उसकी बोलेरो खड़ी की थी।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**प्रथम शुद्धि पत्र**
**(First Corrigendum letter)**

No.1EL/JU/WC/2024-25/ 52 Dated - 13.02.2025

इस कार्यालय द्वारा ज्ञापित निविदा सं0 52 of 2024–25 कार्य का विवरण – Electrical work in connection with (i) replacement of 12 unit Type-II & 2-unit Type-III quarters on condition basis at Barmer (ii) replacement of 12 unit Type-II quarters on condition basis at Balotra (iii) improvement of water supply arrangements by providing RO plants, replacement of old corroded pipeline & U/G water tank at Jalore, Modran & Raniwara में निविदा सं0 52 of 2024-25 खुलने की तिथी 06.03.2025 के स्थान पर 07.03.2025 पढा जावे, अन्य सभी शर्ते एवं नियम यथावत रहेंगें । विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें ।

मंडल रेल प्रबन्धक / बिजली
186-CR/25 उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर

हमें /NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें


### तीन दिवसीय सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल आज से

**जोधपुर,** (कासं)। मेहरानगढ़ म्युज़ियम ट्रस्ट द्वारा 16 वें सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल (एसएसएफ) 14 से 16 फरवरी तक ऐतिहासिक महरानगढ़ दुर्ग में आयोजित किया जाएगा।

इस फेस्टिवल में आए देशी-विदेशी कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे।

उत्सव की घोषणा करते हुए फेस्टिवल के संरक्षक पूर्व नरेश गजसिंह द्वितीय मारवाड़-जोधपुर कहते हैं, "हमें यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 14 फरवरी, 2025 से 16 फरवरी, 2025 तक महरानगढ़ किले में सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल का 16वां संस्करण आयोजित किया जाएगा। जोधपुर में महरानगढ़ किला, अपने सदियों पुराने इतिहास और आश्चर्यजनक वास्तुकला के साथ, दुनिया भर की संगीत परंपराओं के सम्मिश्रण के लिए एक शानदार कैनवास प्रदान करता है। यह संस्कृति, इतिहास और आध्यात्मिकता का एक अद्भुत मिश्रण है, जो उपस्थित लोगों को मारवाड़ की संगीतमय परम्परा और विरासत की समृद्धि का अनुभव कराता है। राजस्थानी संगीतकारों और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के बीच जुगलबंदी सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल के सबसे रोमांचक पहलुओं में से एक है। यह एक सुंदर प्रतिनिधित्व है कि कैसे संगीत, एक सार्वभौमिक भाषा के रूप में, सीमाओं को पार करता है। अपनी गहरी परंपराओं और अनूठी ध्वनि-दृश्यता के साथ संगीतकार एक ऐसी समृद्धि लाते हैं जो प्रदर्शनों को पूरक और उन्नत बनाती है। चाहे वह खड़ताल की अविस्मरणीय भावपूर्ण लय हो या कमायचा या सारंगी की धुन, या राग मांड में सूफी संगीत की राजस्थानी प्रस्तुतियाँ, इस कार्यक्रम मे एक विशेष जीवंतता जोड़ती हैं। साथ ही, अपने अनूठे वाद्ययंत्रों के साथ अंतर्राष्ट्रीय कलाकार, अपन विशिष्ट प्रभावों का योगदान करते हैं, जिससे क्रॉस-कल्चरल एक्सचेंज बनते हैं जो वास्तव अद्वितीय हैं। यह महोत्सव कलाकारों के लिए एक-दूसरे से सीखने का शक्तिशाली

माध्यम है। महोत्सव के माध्यम से दर्शकों को एक बहुस्तरीय अनुभव मिलता है-ऐसी ध्वनियाँ सुनना जो उन्होंने पहले कभी नहीं सुनी होंगी, साथ ही यह भी देखने को मिलता है कि कैसे विभिन्न संगीत परंपराएँ एक अनूठे तरीके से आपस में जुड़ी हुई हैं और सामंजस्य स्थापित करती हैं।

उत्सव के कलात्मक निदेशक एलेन वेबर ने पत्रकार वार्ता में कहा कि "यह संस्करण संगीत परंपराओं की एक गहन खोज है जो समय, स्थान और संस्कृतियों को जोड़ती है। संगीत, प्रकृति और आध्यात्मिकता के बीच का संबंध इस महोत्सव के केंद्र में प्रतीत होता है, जो लोक परंपराओं और शास्त्रीय प्रथाओं में निहित प्राचीन ज्ञान से लिया गया है। संगीत केवल एक कला रूप नहीं है, बल्कि किसी गहरी, पारलौकिक और कालातीत चीज़ से फिर से जुड़ने का एक माध्यम है। इस आगामी संस्करण में पुलियाहम टाइगर डांस, एक समृद्ध दृश्य और आध्यात्मिक परिदृश्य को दर्शाता है, जो आदिवासी जनजातियों की जीवित प्रथाओं को उजागर करता है जो अभी भी प्रकृति को पवित्र साचते हैं। यह सोचना दिलचस्प है कि इन प्राचीन अनुष्ठानों को न केवल सांस्कृतिक प्रथाओं के रूप में देखा जा सकता है, बल्कि एक तरह के पर्यावरणीय संदेश के रूप में भी देखा जा सकता है।

#### देश-विदेश के ये कलाकार लेंगे भाग

इस वर्ष के मुख्य आकर्षणों में घाना के ओसेई क्वामे कोरानके, तंजूर के पुलियाट्टम नृत्य, कोमोरो द्वीप समूह की सूफी देबा परंपरा, अर्मेनिया के दुदुकनेर समूह, डेविड एम्ब्रोगियो, पेरिन बौरेल, मान सेरानो, रंजिनी और गायत्री द्वारा विशेष प्रदर्शन किया जाएगा।

महोत्सव के अन्य आकर्षण पद्मश्री अनवर खान मंगनियार और तलब खान मंगनियार, एस स्वामीनाथन, नैसम जलाल, मदन गोपाल सिंह और चार यार कलाकारों की टुकड़ी, गुरु सीए अनुरूप और शिष्य पार्वती दिलीप, दरिया, किलम, सागर राम का प्रदर्शन होगा।

### नंदी को नंदगांव गौ शाला भेजा

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर उपखंड आज हमारी गौ भक्त टीम को खबर मिली कि गांव बासन के पास एक छोटा-सा प्यारा गांव कोसरिया हैं जहां नंदी महाराज हैं जिनके मूत्र भाग (लिंग) में कीडे पड चुके हैं हमारी गौ भक्त टीम को खबर मिलते ही हमारी गौ भक्त टीम मौके पर पहुंच कर नंदी महाराज को काबू कर क्रेन की सहायता से सभी गौ भक्तों व गांव के प्यारे सभी लोगों की सहायता से नंदी महाराज को ईलाज के लिए नन्द गांव गौ शाला भेज दिया।





LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

एलआईसी के साथ
अपना विकास सुनिश्चित करें

- तीन साल के लिए स्टाइपेंडरी स्कीम.
- न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता: 10वीं पास से लेकर कोई भी उच्च शिक्षा.
- न्यूनतम पूर्ण आयु: आवेदन के समय 18 वर्ष.
- एजेंसी स्टाइपेंडरी अवधि में एवं उसके पश्चात नियमानुसार कमीशन के साथ जारी रहेगी.
- शर्तों के अधीन एलआईसी अपने एजेंट्स को कैरियर के अवसर भी प्रदान करती है.
- निर्दिष्ट मानदंडो की प्राप्ति पर आधारित स्टाइपेंडरी योजना

स्वावलंबी नारी, खुशहाली हमारी

LIC / M1 / 2024-25 / 32 / Hin

आवेदन के लिए, नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या www.licindia.in पर विज़िट करें

हमें फौलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

भ्रामक फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी वाले ऑफर्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई बीमा पॉलिसी बेचने या बोनस की घोषणा करने या प्रीमियम के निवेश जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होता. जनता से निवेदन है कि ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने पर वे पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं. जोखिम घटकों, नियम व शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया बिक्री से पहले सेल्स ब्रोशर को ध्यानपूर्वक पढ़ लें.